प्रेस नोट
दिनांक 15.05.2026

थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस द्वारा रगडगंज चौराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अक्रूर उर्फ अद्दू पुत्र बैंकटेश्वर दत्त पाण्डेय निवासी ग्राम भानपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 14.05.2026 को उ0नि0 राकेश कुमार पाण्डेय मय हमराह के साथ रगड़गंज चौराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोण्डा की तरफ से आ रही मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखकर वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस कर्मियों द्वारा घेराबंदी कर मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1570/– रुपये नगद तथा एक अदद नोकिया कम्पनी का काले रंग का की–पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अक्रूर उर्फ अद्दू पुत्र बैंकटेश्वर दत्त पाण्डेय निवासी ग्राम भानपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. अक्रूर उर्फ अद्दू पुत्र बैंकटेश्वर दत्त पाण्डेय निवासी ग्राम भानपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–156/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 राकेश कुमार पाण्डेय।
02. उ0नि0 अजय कुमार यादव।
03. का0 महेश यादव।
04. का0 वीरेन्द्र कुमार।
05. का0 अंकुर सिंह।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
जनपद गोण्डा
दिनांक– 15.05.2026

गोरखपुर जोन की 51वीं अन्तर्जनपदीय जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में पेंचक सिलाट, कराटे, बुशु एवं ताइक्वान्डो प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले सम्पन्न

गोण्डा। आज दिनांक 15.05.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित 51वीं अन्तर्जनपदीय जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पेंचक सिलाट, कराटे, बुशु एवं ताइक्वान्डो प्रतियोगिताओं के पुरुष एवं महिला वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में जनपद गोण्डा के जान मोहम्मद, गोरखपुर के नरेन्द्र, अक्षय कुमार एवं जयसूर्या, बस्ती के तवरेज आलम एवं रामदरश तथा सिद्धार्थनगर के कृष्ण मोहन साहनी ने अपने–अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने जनपद का गौरव बढ़ाया। जूडो महिला वर्ग में कुल 08 मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक बनाया। इस प्रतियोगिता में बस्ती की शीतल देवी, सीमा गुप्ता, अनुराधा, सविता राय एवं महेलखां खान, देवरिया की सुनीता तथा बहराइच की अनुप्रिया ने अपने–अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताइक्वान्डो पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर के अतुल पटेल एवं संदीप सिंह, बहराइच के गिरजाशंकर तथा संतकबीरनगर के अंजेश गुप्ता एवं आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में गोण्डा की अंशिका भारती, संध्या रावत एवं रूचि यादव, कुशीनगर की क्षमा सिंह तथा बस्ती की शालू वर्मा ने अपने–अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। कराटे पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में गोण्डा के धर्मेन्द्र कुमार एवं ओंकार विश्वकर्मा तथा कुशीनगर के सुजीत पटेल एवं महेन्द्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला कराटे प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर की संगीता निषाद, सुषमा रावत, कीर्ति सिंह एवं संगीता देवी विजेता रहीं। बुशु पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर के सतीश मौर्या, अजीत यादव संतकबीरनगर के सन्नी जायसवाल एवं दुर्गेश कुमार, महराजगंज के शत्रुधन तथा बस्ती के राकेश यादव व रोमित यादव ने अपने–अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बुशु महिला प्रतियोगिता में देवरिया की ममता, सीमा मौर्या एवं सरिता, कुशीनगर की खुशबू सिंह तथा गोरखपुर की शशी यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं आपसी समन्वय की भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।